हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 05 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व योगासन चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से अपने-अपने देशों में आयुष मंत्रालय के योग 365 अभियान के वैश्विक राजदूत बनने का आहवान किया है। अहमदाबाद में चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में श्री मोदी ने कहा कि योग स्वस्थ रहने के लिए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण है। योग से जुड़े रहने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय ने 'योग 365' अभियान की शुरूआत की है।

चार से आठ जून तक आयोजित पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में 60 से अधिक देशों के 400 से अधिक खिलाडी भाग ले रहे हैं।

हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल के निर्माण का जिम्मा हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम को सौंपा है।स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि इस अत्याधुनिक और भव्य अस्पताल का निर्माण गुरुग्राम की पुलिस लाइन के समीप किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी और विशाल स्वास्थ्य परियोजना पर लगभग 1054 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम पूरे भवन के निर्माण कार्य की देखरेख करेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अस्पताल निर्माण के संबंध में अन्य औपचारिकताएं जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस अस्पताल के बुनियादी ढांचे को दो अलग-अलग चरणों में तैयार किया जाएगा।प्रथम चरण में इस अस्पताल को 400 बेड की क्षमता के साथ तैयार किया जाएगा, ताकि स्थानीय मरीजों को तुरंत आधुनिक इलाज की सुविधा मिल सके। इसके बाद अगले चरण में अस्पताल की क्षमता 600 बेड करने के लिए अतिरिक्त संरचना का निर्माण किया जाएगा।

जींद पुलिस ने सफीदों क्षेत्र में 25 मई को हुई रंगदारी, मारपीट और तोड़फोड़ की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उप पुलिस अधीक्षक ऋषभ सोढ़ी ने आज मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी तपन के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरे आरोपी गोवर्धन को मौके

पर ही काबू कर लिया गया। पुलिस ने तपन के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने उनकी कार को भी कब्जे में ले लिया है।

आरोपियों द्वारा की वारदात की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया –

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की 12 फुट चौड़ाई की सभी सड़कों को अगले वर्ष मार्च तक 18 फुट चौड़ा करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने कल चंडीगढ़ में लोक निर्माण विभाग भवन एंव सड़क, विभाग के अगले 5 साल की कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की सुविधा के लिए सड़कों का अच्छी हालत में और समुचित चौड़ाई का होना आवश्यक है। यह कार्य इस वित्त वर्ष के समाप्त होने से पहले पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश भी दिए कि बनाई जा रही सड़कों की अच्छी गुणवत्ता , साईन बोर्ड, बर्म व सफेद पट्टी लगवाना सुनिश्चित करें।

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत प्रदेश के बुजुर्ग श्रद्धालुओ को गुजरात मे श्री सोमनाथ मंदिर के दर्शन करवाने के लिए 8 जून को कुरुक्षेत्र से एक विशेष रेल रवाना होगी । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस विशेष रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। इच्छुक और पात्र श्रद्धालु आगामी 6 जून तक सरल हरियाणा पोर्टल पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते है। चयन प्रक्रिया पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी।

जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बी.टेक पाठ्यक्रमों को छोड़कर अन्य सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल के माध्यम से 25 जून 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय में विज्ञान, प्रबंधन, कंप्यूटर अनुप्रयोग, मीडिया अध्ययन, पर्यावरण विज्ञान, कला एवं स्किल डेवलपमेंट सहित विभिन्न विषयों में प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। किए हैं।